महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0/कु.स.का./2021/ 985-96 दिनांक : 24.09.2021

: कार्यालय ज्ञाप :

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अंगीकार करते हुये प्रवेश प्रक्रिया अधिकांश महाविद्यालयों में सम्पन्न हो चुकी है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश नियमावली में प्रदत्त शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार कक्षायें प्रारम्भ हो चुकी हैं। तदानुक्रम में शासनादेश संख्या 1275/सत्तर–1–2021–16(11)/2014 टी.सी.–II, दिनांक 09 सितम्बर, 2021 के क्रम में प्राप्त निर्देशानुरूप विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की एन्ड सेमेस्टर (End Semester) परीक्षा 24 जनवरी से 28 फरवरी, 2022 तक किया जाना निश्चित हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचनाओं/निर्देशों के अनुसार दो मिड टर्म टेस्ट प्रत्येक सेमेस्टर में होना है जिसको कि सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर पर सम्पादित करेंगे। सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्रथम मिड टर्म 01 नवम्बर, 2021 से 10 नवम्बर, 2021 तथा द्वितीय मिड टर्म 13 दिसम्बर, 2021 से 23 दिसम्बर, 2021 के बीच सम्पन्न किया जाना अपेक्षित है। महाविद्यालय प्रत्येक दशा में 20 जनवरी 2022 तक मिड टर्म परीक्षा के प्राप्तांक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अवश्य अपलोड कर देंगे ताकि परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किया जा सके। चूंकि प्रथम बार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंगीकार कर प्रवेश दिये गये हैं। अतः महाविद्यालय को अनेक प्रकार की दैनिक कठिनाइयाँ भी आ सकती हैं। उन सब के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय में एक हेल्प टीम का गठन किया गया है, जिनके नाम व दूरभाष संख्या निम्नवत् है–

1. प्रो0 पी.बी. सिंह– 9458612146
2. प्रो0 एस.के. पाण्डेय– 9412485450
3. डा0 आशुतोष प्रिय–9456207920
4. डा0 आलोक श्रीवास्तव– 9760821347
5. डा0 गौरव राव– 9794223431

उपरोक्त पर प्राथमिकता के आधार पर WhatsApp द्वारा अथवा आपात स्थितियों में फोन करके सहायता ली जा सकती है।

ऐसे महाविद्यालय जहाँ विलम्ब शुल्क के साथ देर से प्रवेश हुआ है वे सुनिश्चित करें कि प्रथम सेमेस्टर में प्रत्येक दशा में 90 शैक्षणिक दिवस पूर्ण किये जायें चाहे इस हेतु अतिरिक्त कक्षायें संचालित क्यों न करना पड़ें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
3. चीफ प्रॉक्टर
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
5. वित्त अधिकारी
6. परीक्षा नियन्त्रक
7. मीडिया प्रभारी
8. सहायक कुलसचिव (प्रवेश/परीक्षा)
9. श्री रविन्द्र गौतम, वेबसाइट प्रभारी
10. निजी सचिव–कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ
11. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव

24/09/2021

कुलसचिव